दिनांक 11 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

जलजनित बीमारियों से बचाव हेतु घर-घर निगम कर रहा क्लोरीन टैबलेट का वितरण , शुद्ध पेयजल पीने की जा रहा है जागरूक

भिलाईनगर / मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए जन जागरूकता व मच्छरों के प्रकोप के रोकथाम हेतु भिलाई निगम द्वारा सभी वार्डों में फॉगिंग कराया जा रहा है। जलजनित बीमारियों से बचाव हेतु साफ पानी पीने की अपील करते हुए निगम के कर्मचारी घर-घर जाकर क्लोरीन टैबलेट का वितरण कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग का अमला प्रतिदिन शाम गली-मोहल्लों के सघन क्षेत्रों में हैंड स्प्रे से फॉगिंग कार्य में जुटे हुए हैं, ताकि मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारियों से निजात पाया जा सके। निगम क्षेत्र में डेंगू से बचाव हेतु मलेरिया आॅयल व मैलाथियान का छिड़काव किया जा रहा है ताकि मच्छरों को समाप्त किया जा सके साथ ही निगम की टीम एवं मितानीनें घरों में जाकर सर्दी , खांसी व बुखार से पीड़ित मरीजों को तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दे रही है। निगम प्रशासन आमजन से अपील करती है कि अपने घर व आस-पास साफ सफाई बनाकर रखे तथा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाली वाहनों को सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग प्रदाय करें। पीलिया से बचाव हेतु पानी को उबालकर पिए एवं शुद्ध पेयजल का ही इस्तेमाल पीने के लिए करें! स्वच्छता निरिक्षक के.के. सिंह ने बताया कि मच्छर के काटने से किसी को डेंगू बीमारी न हो इसे देखते हुए निगम प्रशासन की ओर से मैलाथियान , मलेरिया आइल छिड़काव तथा फागिंग शीघ्रता के साथ कराया जा रहा है।

जनसम्पर्क अधिकारी